an>

Title: Need to run a daily Intercity Jan Shatabdi Express train between Nagpur and Balharshah in Maharashtra.

**श्री रामदास सी. तडस (वर्धा)** : मैं रेल मंत्री को ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि नागपुर से बल्लारशाह जाने वाले रेल मार्ग पर रेल यात्रियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। मैं धन्यवाद देता हूँ कि रेल मार्ग पर तीसरी रेलवे लाईन के विस्तार के लिए केंद्र सरकार द्वारा कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है।

इस नागपुर से बल्लारशाह रेल मार्ग पर सिंदी, सेवाग्राम, हिंगणघाट, बरोरा, चंदपुर बल्लारशाह इन प्रमुख स्थानों का समावेश है। मुझे अत्यंत खेदपूर्वक बताना पड़ रहा है कि इतने महत्वपूर्ण रेल मार्ग पर इंटरसिटी या जन शताब्दी रेल सुविधा उपलब्ध न होने के कारण दैनिक प्रवास विद्यार्थी, महिला एवं व्यापारियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह सुविधा न होने के कारण इन सभी वर्ग के यात्रियों को बाहर से आने वाली ट्रेनों पर निर्भर रहना पड़ता है जिनमें अनारक्षित डिब्बों की संख्या काफी कम रहती है। इसके चलते कई बार कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि जन सामान्य की भावनाओं का आदर करके नागपुर से बल्लारशाह मार्ग पर प्रतिदिन इंटरसिटी जन शताब्दी एक्सप्रेस चलाई जाने की मांग पर गंभीरता से विचार करने की कृपा करें।